दिनांक 16.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथिगृह के EPC आधारित निर्माण कार्य स्थल पर पूर्व से अवस्थित पुराने भवनों को Demolition से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कार्यालय स्थापना के अतिरिक्त कार्य हेतु पूरक एकरारनामा पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	कार्य का नाम	-	**बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथिगृह के EPC आधारित निर्माण कार्य।**
2.	प्रस्ताव	-	विषयांकित कार्य अन्तर्गत पूरक कार्य का प्रस्ताव।
3.	योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	-	₹129.69 करोड़ (भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक 46(भ0) दिनांक 02.08.2024)
4.	विषयांकित कार्य हेतु संशोधित तकनीकी अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	-	₹139,29,32,000.00 (मुख्य अभियंता(निरूपण), भवन निर्माण विभाग, पटना के द्वारा दिनांक 19.11.2024 को प्रदत संशोधित तकनीकी अनुमोदन)
5.	विषयांकित कार्य हेतु प्रदत संशोधित तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन, जो विभागीय पत्रांक 10431(भ0)अनु0 दिनांक 18.12.2024 द्वारा प्रेषित है, में निर्माण कार्य हेतु कर्णांकित राशि एवं ध्वस्तिकरण कार्य हेतु राशि के साथ समेकित राशि	-	₹137,77,01,785.00
6.	योजना की मूल तकनीकी स्वीकृति की राशि	-	EPC अधारित
7.	विषयांकित अतिरिक्त कार्य हेतु तकनीकी स्वीकृति राशि एवं प्रसंग	-	(i) ₹71,06,400.00 मुख्य अभियंता(निरूपण) का पत्रांक 19(नि0)अनु0 दिनांक 07.01.2026 (ii) ₹24,95,784.00 अतिरिक्त विद्युतीकरण कार्य हेतु अभियंता प्रमुख(विद्युत)-सह-मुख्य विद्युत अभियंता के पत्रांक-103(वि0)अनु0 दिनांक 02.02.2026 **कुल राशि ₹96,02,184.00**
8.	एकरारनामा की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) राशि एवं एकरारनामा संख्या	-	₹148,10,29,419.00/- EPC No.-03/2024-25
9.	संवेदक का नाम	-	DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 2B, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001

दिनांक 11.09.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथिगृह के EPC आधारित निर्माण कार्य अन्तर्गत पूर्व से अवस्थित पुराने भवनों को Demolition से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्थापना हेतु कार्यालय के

अतिरिक्त कार्य के अनुमोदन हेतु कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना के पत्रांक 651 अनु0 दिनांक 29.05.2026 द्वारा प्रस्ताव समर्पित किया गया है। मुख्य अभियंता (निरूपण) के पत्रांक 19(नि0) अनु0 दिनांक 07.01.2026 के द्वारा विषयांकित अतिरिक्त असैनिक कार्य हेतु ₹71,06,400.00 मात्र का तकनीकी स्वीकृति प्रदान किया गया है एवं मुख्य विद्युत अभियंता के पत्रांक 103(वि0)अनु0 दिनांक 02.02.2026 के द्वारा अतिरिक्त विद्युतीकरण कार्य हेतु ₹24,95,784.00 मात्र का तकनीकी स्वीकृति प्रदान किया गया है।

सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 24.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथिगृह के EPC आधारित निर्माण कार्य अन्तर्गत पूर्व से अवस्थित पुराने भवनों को Demolition से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्थापना हेतु कार्यालय के असैनिक अतिरिक्त कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र की राशि ₹70,37,020.00 एवं मुख्य अभियंता(विद्युत) के द्वारा अनुशंसित अतिरिक्त विद्युत कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र की राशि ₹24,95,784.00 को अनुमोदित करने एवं पूरक एकरारनामा किये जाने की अनुशंसा के साथ विषयांकित कार्य को EPC अधारित रहने के कारण सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया। दिनांक 11.09.2026 को सम्यक् विचारोपरांत सम्पन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 24.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया तथा अतिरिक्त असैनिक कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र को अनुमोदित करने एवं पूरक एकरारनामा किये जाने हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में लिये गये निर्णय में अतिरिक्त विद्युत कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र को अनुमोदित करने एवं पूरक एकरारनामा की स्वीकृति हेतु प्राधिकरण अंकित नहीं हुआ।

<u>विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-</u>

सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अतिरिक्त विद्युत कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र को अनुमोदित किये जाने हेतु मुख्य विद्युत अभियंता को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

दिनांक 11.09.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति में विषयांकित कार्य पर लिये गये निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

16/10/26 16/10/26 16.10.26

(विकास कुमार पाण्डेय)	(मनोज कुमार सिंह)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता(संरचना)	अभियंता प्रमुख-सह-अपर	सचिव, 16/10/26
भ0नि0वि0, बिहार, पटना	भ0नि0वि0, बिहार, पटना	आयुक्त-सह-विशेष सचिव,	भवन निर्माण विभाग,
		भ0नि0वि0, पटना	बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-1-56/2024 150 (रं-I०) पटना, दिनांक- 22/10/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/10/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना